



राजधानी में संडे लॉकडाउन का खासा असर दिखाई दिया। जहां चौक चौराहे और सडकें सुनसान रहीं वहीं पुलिस का काफी बंदोवस्त किया गया।

# संडे लॉकडाउनः राजधानी की सड़कों पर पसरा सन्नाटा

भोपाल(काप्र)।

**राजधानी में कोरोना संक्रमण को रोकने के लिए शनिवार रात 10 बजे से लॉकडाउन शुरू हो गया है। रात से पुलिस ने जगह-जगह बैरिकेडिंग के साथ सख्ती शुरू कर दी थी। प्रतियोगी परीक्षाओं के अभ्यर्थियों, मेडिकल इमरजेंसी, रेलवे या एयरपोर्ट और नगर निगम के कर्मचारियों के एडमिट कार्ड और पहचान पत्र देखकर आने-जाने दिया जा रहा है।**

रविवार सुबह से ही सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। सुबह 7 बजे खुलने वाली दुकानें और मार्केट पूरी तरह से बंद रहे। पुलिस जगह-जगह बेरिकेडिंग पर जांच करती दिखी। एक-दो वाहन चालक सड़कों पर आते जाते दिखे। हालांकि कुछ जगह लॉकडाउन के निर्देशों का उल्लंघन होते भी देखा गया।

भोपाल में कोरोना बेकाबू होता जा रहा है। शनिवा को आंकड़ा 382 पर पहुंच गया। ऐसे में प्रशासन सख्ती और तेज हो गई है। इसे लेकर प्रशासन ने दुकानदारों पर जुर्माना करने का आदेश जारी कर दिया है। आदेश में कहा गया है, यदि दुकानदार ने कोविड नियमों को उल्लघंन किया, तो 5 हजार रुपए फाइन देना होगा। इसके बाद भी नहीं माने तो दूसरी और तीसरी बार में 2 गुना यानी 10 हजार रुपए जुर्माना वसूला जाएगा। अगर, वे तब भी नहीं माने, तो दुकान को सील कर दिया जाएगा।

कलेक्टर अविनाश लवानिया ने संक्रमण रोकने के लिए जिले के सार्वजनिक स्थलों पर बिना मास्क, फेस कवर नहीं पहनने वालों, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन नहीं करने पर 500 रुपए जुर्माना वसूल करने के निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत क्वारेंटाइन नियमों का उल्लंघन करने पर कोरोना संक्रमित से भी 2 हजार रुपए का जुर्माना वसूला जाएगा। इसके लिए जिले के 43 थाना क्षेत्रों में टीआई, तहसीलदार से लेकर नगर निगम के प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

11 नंबर मार्केट में दुकाने सुबह 7 बजे ही खुल जाती है। आज यहां पर एक दुवा की दुकान को छोड़कर सभी दुकाने बंद थी। पास ही पुलिस चौके पास पुलिसकर्मी बैठे थे। यहां पर लोगों को लॉकडाउन का पालन कराने के लिए पुलिस की गाड़ी से लोगों को घर में ही रहने के लिए अनाउंसमेंट किया जा रहा था।

बोर्ड ऑफिस चौराहा पर पुलिस तैनात है। यहां पर अधिकतर रेलवे स्टेशन, परीक्षा देने जाने वाले और जरूरी सेवाओं के कर्मचारी आ-जा रहे हैं। यातायात पुलिस कर्मी सभी के आई कार्ड की जांच रहे है। पुलिस कर्मियों ने बताया कि अधिकतर लोग परीक्षार्थी और रेलवे स्टेशन आने जाने वाले है। पुलिस ने नानके पेट्रोल पंप के पास से रोशनपुरा चौराहे की तरफ दोनों तरफ बेरिकेडिंग कर रखी। यहां पर इधर उधर जाने वालों को उनके कागज देखकर पुलिस आने जाने दे रही थी। एक बाइक सवार से लॉकडाउन में निकलने का कारण पूछा तो बताया कि होशंगाबाद से सीहोर जहां रहा है। मुझे लॉकडाउन के बारे में पता नहीं था। हालांकि पुलिस ने उसकी आईडी देखने के बाद जाने दिया।

जींसी चौराहे पर पुलिस ने जहांगीराबाद की तरफ से आने वाली सड़क को पूरी तरह बंद कर दिया है। इसके अलावा गलियों को भी दोनों तरह से बेरिकेंडिंग कर दी गई है। हालांकि गलियों के अंदर लोग गलियों में घूम रहे है। जींसी से जहांगीराबाद चौराहे लिली टॉकिज की तरफ जाने वाली सड़क पर बच्चे पतंग उड़ा रहे, साइकिल चला रहे। बड़े बुजुर्ग भी चौपाल लगा कर बैठे हुए हैं।सुल्तानियां अस्पताल के सामने सोशल डिस्टेसिंग का खुला आम उल्लंघन दिखा। यहां पर गरीब लोगों को खाना बांटा जा रहा था। लोग ना तो मास्क लगाए थे ना ही सोशल डिस्टेसिंग का पालन किया जा रहा था। हद तो यह है कि यहां से कुछ कदम की दूरी पर ही तलैया थाना है। यहां पर अस्पताल में भर्ती मरीजों के परिजन भी बिना सावधानी बरते लाइन में लगते नजर आए।

भारत टॉकिज पर पुलिस कर्मी जांच कर लोगों को आने जाने दे रहे थे। एक ब्यावरा से आ रही बस को पुलिस ने रोक लिया। बस में रेलवे स्टेशन से यात्री आकर ब्यावरा जाने के लिए बैठे थे। बस कंडक्टर पुलिस से बस को जाने की अनुमति देने के लिए हाथ जोड़कर विनती करता दिखा। हालांकि बाद में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश के बाद बस को जाने दिया गया।

रायल मार्केट में जहां सुबह के समय सड़क से जाम के कारण गाड़ी निकालना मुश्किल होता था। वहां सड़कों पर सन्नाटा पसरा था। गलियों के अंदर लोग ग्रुप में खड़े दिखाई दिए। कुछ गाड़ियां निकल रही थी। कर्फ्यू वाली माता मंदिर के पास पुलिस लोगों को बिना वजह घर से बाहर न निकलने के लिए अनाउसमेंट करती नजर आ रही थी। इसके बावजूद कई लोग बिना मास्क के बाइक पर घूमते दिखे। टीटी नगर टीआई शैलेन्द्र शर्मा ने बताया क आज चेकिंग लगी हुई है। जो लोग बेवजह घूम रहे हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं। एग्जाम देने, अस्पताल, रेलवे स्टेशन जाने वालों को जांच के बाद जाने की अनुमति दी जा रही है।

भोपाल जिले के 43 थानों में थाना जहांगीराबाद, ऐशबाग, श्यामला हिल्स, कोतवाली, हनुमानगंज, तलैया, मंगलवारा, बैरागढ़, गांधी नगर, गौतम नगर, शाहजहांनाबाद, टीला जमालपुरा, कोहेफिजा, रातीबड़, सूखी सेवनिया, बिलखिरिया, खजूरी सड़क, परवलिया सड़क, ईंटखेड़ी, मिसरोद, कटारा हिल्स, शाहपुरा, कोलार, हबीबगंज, बैरसिया, नजीराबाद, गुनगा, एमपी नगर, बागसेवनिया, जीआरपी हबीबगंज, अवधपुरी, टीटीनगर, कमला नगर, चूना भट्टी, अरेरा हिल्स, गोविन्दपुरा, अशोका गार्डन, पिपलानी, अयोध्या नगर, स्टेशन बजरिया, निशातपुरा, छोला मंदिर व भोपाल स्टेशन में तहसीलदार, थाना प्रभारी, स्वास्थ्य अधिकारी लगातार स्पाट फाइन की कार्रवाई देखेंगे।

## खास-खबरें

### मुख्यमंत्री ने आम का पौधा रोपा



**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रतिदिन पौधा लगाने के संकल्प के अंतर्गत आज श्यामला हिल्स स्थित स्मार्ट उद्यान में आम का पौधा रोपा। आम फलों का राजा है। आम का फल और पेड़ की छाल विशिष्ट औषधियों से परिपूर्ण होती हैं। मांगलिक अवसरों पर घरों में द्वार पर आम की पत्तियों की सज्जा की जाती है। आम की अनेक किस्में हैं। मध्यप्रदेश में भी आम की अनेक प्रजातियाँ लगाई जाती हैं। श्री चौहान ने पौधा रोपण के अवसर पर कहा कि उन्हें यह पौधा सांसद श्री सिंधिया ने भेंट किया है। मुख्यमंत्री ने आग्रह किया कि प्रत्येक व्यक्ति शुभ अवसर पर या दिवंगत परिजन की स्मृति में पौधे अवश्य लगाएँ।

### शिवराज ने सूरजभान सोलंकी के निधन पर शोक व्यक्त किया

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पूर्व सांसद सूरजभान सोलंकी के निधन पर दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सूरजभान ने सार्वजनिक जीवन में उल्लेखनीय कार्य किया। खेलों में भी उनकी रुचि थी और वे फ्लाइंग क्लब के भी सक्रिय सदस्य थे। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है। उन्होंने शोकाकुल सोलंकी परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

### बैंक ट्रांजेक्शन के नाम पर लगाई चपत

**भोपाल।** राजधानी के मिसरोद थाना इलाके में बैंक ट्रांजैक्शन के नाम पर 11 हज़ार की चपत लगाने का मामला सामने आया है। थाना पुलिस के मिसरोद आशियाना बंगले रोड निवासी अभिषेक कुमार पिता निरंजन पाल (41) ने पुलिस को बताया कि उनके मोबाइल पर 26 जनवरी को एक अज्ञात मोबाइल नंबर से फोन आया था। फोन करने वाले ने खुद को बैंक अधिकारी बताते हुए फरियादी से उसके एकाउंट से संबंधित जानकारी मांगी। अभिषेक शतिर जालसाज की बातो में आकर उसे जानकारी देते गए। इसी बीच बातचीत करने वाले आरोपी मोबाइल धारक ने उसके खाते से ग्यारह हजार रुपए निकाल लिए। पुलिस ने जांच के बाद साइबर अपराध मानते हुए धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर मोबाइल नंबर के आधार पर अज्ञात आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

मुख्यमंत्री शिवराज ने की अपील

## आमजन कोरोना से बचाव की सावधानियों का पालन करें

भोपाल(काप्र)।

**मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में इन्दौर, भोपाल सहित अन्य स्थानों से पूर्व माह की तुलना में कोरोना के पॉजिटिव प्रकरण ज्यादा आ रहे हैं। यह चिंता का विषय है। आमजन को इस संक्रमण से बचाने के लिए राज्य सरकार अपना दायित्व निर्वहन करेगी।**

इसके साथ ही आमजन भी अच्छी तरह सावधानियों का उपयोग करें। कोरोना से बचाव के लिए सभी उपायों को अपनाएं। मुख्यमंत्री ने कहा 23 मार्च को संकल्प अभियान होगा। इसके अंतर्गत 23 मार्च को प्रदेश में प्रातः 11 और शाम 7 बजे सायरन बजेगा। आमजन 2 मिनट का संकल्प लेंगे, जिसमें मास्क का उपयोग और सोशल डिस्टेंसिंग बनाए रखना शामिल है।

**मास्क पहनाए हैं, अब सोशल डिस्टेंसिंग के लिए कार्य करूंगाः** मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यक्तियों की बीच परस्पर दूरी रखने के लिए पहले भी उपाय किए गए थे। इसका आम जनता ने पालन भी किया था। अब फिर से ऐसी आवश्यकता महसूस की जा रही है। सोशल डिस्टेंसिंग के लिए दुकानों के सामने ग्राहक के खड़े होने के लिए गोले बनाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने भोपाल के न्यूमार्केट में शनिवार की शाम आमजनता को मास्क बांटे और पहनाए हैं। मास्क के उपयोग के लिए हर किसी को जागरूक होना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे खुद भी इस कार्य को देखेंगे, आवश्यक हुआ तो वे खुद भी गोले बनाएंगें। संकल्प अभियान में सायरन बजने पर लोग निर्धारित समय पर अपने स्थान पर रूक जाएंगे और मास्क लगाने का, सामाजिक दूरी बनाए रखने का संकल्प लेंगे ताकि संक्रमण को रोका जा सके।

**मेरी होली- मेरे घर:** श्री चौहान ने कहा कि च्मेरी होली-मेरे घरज् के नारे को त्यौहार पर दिनचर्या में उतारा जाएगा। त्यौहार पारिवारिक स्तर पर पूरी सावधानियों के साथ मनाए जाएँ। संक्रमण को रोकना हम सभी के हाथ में हैं। कोरोना के वायरस से बचने के लिए मास्क एक अचूक उपाय है।

**जिलों के प्रमुख व्यक्तियों से संवादः** मुख्यमंत्री प्रदेश के क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप से चर्चा भी करेंगे। उन्होंने बताया कि वे जिलों के क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप के सदस्यों और अन्य प्रमुख व्यक्तियों से संवाद करेंगे। कोरोना संक्रमण के नियंत्रण के लिए निरंतर जागरूकता अभियान चलेगा। हमारी सावधानियां ही वायरस से बचाने में मददगार होंगी।

## 400 केवी के 3 सब-स्टेशन निर्धारित लक्ष्य से पूर्व किए गए चार्ज

भोपाल(काप्र)।

**प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा मॉनीटर किए जा रहे ड्रीम प्रोजेक्ट इनर्जी कॉरिडोर के अंतर्गत मालवा क्षेत्र में निर्धारित लक्ष्य से पहले 400 केवी के 3 सब-स्टेशन चार्ज कर दिए गए।**

इन सब-स्टेशनों का निर्माण मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी ने किया है। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने इस कार्य में लगे सभी इंजीनियरों और अधिकारियों को बधाई दी है। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी ने गत दिवस मंदसौर में 400 केवी का सब-स्टेशन ऊर्जीकृत कर दिया। ग्रीन इनर्जी कॉरिडोर के अंतर्गत उज्जैन और बदनावर के बाद मंदसौर में यह तीसरा सब-स्टेशन है। मंदसौर मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन का प्रदेश में 14वाँ 400 केवी सब-स्टेशन है। मंदसौर में 400 केवी सब-स्टेशन चार्ज होने से नीमच, दालौद, निपनिया, गुजरखेड़ी क्षेत्र को लाभ होगा। इन क्षेत्रों में 220 केवी सब-स्टेशन हैं और 400 केवी सब-स्टेशन मंदसौर से दो-दो सर्किट लाइन से इन्हें जोड़ा जा रहा है। मंदसौर में 400/220/33 केवी क्षमता के एक 314 एमवीए के ट्रांसफार्मर के साथ 125 एमवीएआर का रिएक्टर भी ऊर्जीकृत किया गया है।

## कई जिलों में फिर हो सकती है बारिश, फसलों को खतरा, किसानों की चिंता बढ़ी

**भोपाल(काप्र)।** मध्य प्रदेश के कई जिलों में फिर बारिश की आशंका जताई जा रही है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि पूर्वी राजस्थान में विक्षोभ बना हुआ है। इसकी वजह से कई इलाके भीग सकते हैं। बीते 24 घंटों में भी कई जगह गरज-चमक के साथ बारिश और ओलावृष्टि हुई। इस वजह से जहां एक ओर मौसम में ठंडक बढ़ गई, तो वहीं दूसरी ओर किसानों की चिंता बढ़ गई है। मौसम विभाग ने बताया कि शनिवार को छिंदवाड़ा में 4, उज्जैन में 2, इंदौर में 0.2, बैतूल में 0.2 मिमी बारिश हुई। भोपाल में तेज हवाएं चलीं और बौछारें पड़ीं। इस वजह से भोपाल के न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई और भोपाल में अधिकतम तापमान 31.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। देवास जिले में भी अचानक मौसम के बदलाव ने ठंडक ला दी और तेज बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई। बादलों की तेज गड़गड़ाहट के साथ पूरे 15 मिनट तेज बारिश के साथ शहर में ओले गिरते हुए दिखाई दिए। वहीं शहर के आसपास ग्रामीण इलाकों में भी मौसम बदलने के कारण तेज बारिश, तेज हवा और ओले गिरे। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक इस समय पाकिस्तान के पास पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है।

## पन्ना जिले के बाद अब श्योपुर जिले में कुएं की खुदाई के दौरान मिले हीरे, जांच के लिए लैब में भिजवाया

भोपाल(काप्र)।

**मध्य प्रदेश के पन्ना जिले के बाद अब श्योपुर जिले में कुएं की खुदाई के दौरान हीरे निकलने का मामला सामने आया है। कुएं से निकले हीरे जैसे टुकड़ों को लोग ही नहीं बल्कि, प्रशासन के अधिकारी भी प्रारम्भिक जांच में हीरा ही समझ रहे हैं।**

लेकिन, इसकी पुष्टि लैब में जांच के बाद ही हो सकेगी इस वजह से इन हीरे जैसे टुकड़ों को प्रशासन खनिज विभाग के माध्यम से उन्हें जांच के लिए भेजवाया जा रहा है। मामला जिले के विजयपुर विकासखंड क्षेत्र के झार बड़ौदा गांव के पास खेतों में स्थित कुएं का है, जहां कुएं को गहरा करने के लिए खुदाई कर रहे मजदूरों ने जैसे ही कुएं के भीतर काले पत्थरों के बीच में खुदाई शुरू की वैसे ही वहां हीरे के जैसे टुकड़े निकलने लगे, जिन्हें देखकर मजदूर चौंक उठे और उन्होंने इस मामले की जानकारी सबसे पहले ग्रामीणों को दी। जिन्होंने उन टुकड़ों को हूबहू हीरे के जैसा देखकर इसकी सूचना कलेक्टर को फोन करके दी। इसके बाद कलेक्टर राकेश कुमार श्रीवास्तव ने विजयपुर तहसीलदार शिवराज मीणा को फोन करके मौका मुआयना करने के लिए भेजा। तहसीलदार मीणा ने जब उन टुकड़ों को देखा तो वह भी हैरत में पड़ गए, हालांकि उन्होंने इन टुकड़ों को हीरे होने की पुष्टि तो नहीं की है लेकिन, हीरे की संभावना होने से भी इंकार नहीं किया है। उन्होने कुएं से निकले चमकदार हीरे जैसे टुकड़ों को अपनी अभिरक्षा में लेकर जांच के लिए लैब में भेजवा दिया है। जहां जांच के बाद पता लग सकेगा कि, कुएं से निकले हीरे जैसे टुकड़े वाकई में हीरे हैं या नहीं। इस बारे में झाड़ बड़ौदा गांव हां निवासी किसान दाताराम का कहना है कि, कुएं से खुदाई के दौरान हीरो जैसे टुकड़े निकले हैं।

खास खबर | किसका खेल बिगड़ेगा? अब पूर्व मंत्री जयंत मलैया पर निगाहें.....

## बीजेपी के राहुल के सामने जिला अध्यक्ष अजय को मैदान में उतारेगी कांग्रेस

भोपाल(काप्र)।

**कांग्रेस दमोह उप चुनाव में बीजेपी उम्मीदवार राहुल लोधी के सामने जिला अध्यक्ष अजय टंडन को उतारेगी। इस चुनाव की तैयारियों को लेकर 19 मार्च को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ द्वारा बुलाई पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक में टंडन के नाम पर सहमति बनी थी।**

ऐसा माना जा रहा है कि कमलनाथ 25 मार्च को दमोह जाएंगे,उससे पहले टंडन का नाम घोषित कर दिया जाएगा। कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि बैठक में टंडन के अलावा दो अन्य दावेदारों मनु मिश्रा और रतनचंद जैन के नाम पर भी चर्चा हुई थी। लेकिन बीजेपी के राहुल से मुकाबला करने टंडन को उतारने पर सहमति बनी। हालांकि उम्मीदवार का नाम हाईकमान ही घोषित करेगा। इस बैठक में पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एनपी प्रजापति, विधायक संजय शर्मा, संजय यादव समेत पार्टी के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। बीजेपी के राहुल लोधी वर्तमान में मध्य प्रदेश सिविल सप्लाई कारपोरेशन के अध्यक्ष भी हैं और उन्हें कैबिनेट मंत्री का दर्जा भी प्राप्त है। बावजूद इसके उन्हें जितनी चुनौती कांग्रेस के अजय टंडन से मिलेगी, उससे कहीं ज्यादा भितरघात से नुकसान होने की आशंका है। इसकी वजह दमोह से 7 बार के विधायक एवं पूर्व मंत्री जयंत मलैया का विरोध है। हलांकि मलैया अभी तक खुलकर सामने नहीं आए हैं, लेकिन उनके बेटे सिद्धार्थ पार्टी गाइडलाइन से हटकर बैठकें कर रहे हैं। जानकारों का मानना है कि जयंत मलैया की नाराजगी के चलते टंडन को फायदा मिलेगा, क्योंकि जब से राहुल ने कांग्रेस से बगावत कर बीजेपी का दामन थामा है। मलैया ने उनके किसी भी कार्यक्रम में मंच साझा नहीं किया है। ऐसे में सबसे बड़ा खतरा पूर्व वित्त मंत्री जयंत मलैया बने हैं। वे खुद पर्दे के पीछे हैं, लेकिन बेटे सिद्धार्थ को आगे कर दिया है। अब यह देखना अभी बाकी है कि मलैया राहुल का खेल बिगाड़ेंगे या फिर टंडन को फायदा पहुंचाएंगे? दमोह सीट के लिए 17 अप्रैल को वोटिंग होगी। जबकि परिणाम 2 मई को घोषित होंगे। ऐसे में दोनों दलों के उम्मीवारों के लिए प्रचार करने का अब एक माह का समय भी नहीं बचा है। वर्ष 2018 में राहुल सिंह ने ही मलैया को शिकस्त दी थी। क्या रामबाई की नाराजगी भी पड़ सकती है भारी दमोह से लगे पथरिया से बीएसपी विधायक रामबाई के पति गोविंद सिंह परिहार के खिलाफ चल रही गिरफ्तारी कार्रवाई का असर भी इस चुनाव में देखने को मिल सकता है। विधायक रामबाई सरकार से नाराज बताई जा रही है । सरकार की ओर से उन्हें मदद नहीं मिल रही है द्य अब देखना यह है कि राहुल लोधी अपना विजय अभियान जारी रखते हैं या फिर अजय टंडन इस बार मैदान मारने में सफल होते हैं। विधानसभा सीट के इतिहास पर गौर करें तो पता चलता है कि अब तक हुए 15 चुनाव में 6 बार बीजेपी के जयंत मलैया जीते हैं तो वहीं दूसरी ओर 7 बार कांग्रेस का उम्मीदवार और 2 बार निर्दलीय उम्मीदवार ने जीत दर्ज की है। राहुल लोधी ही एक मात्र ऐसे उम्मीदवार रहे हैं जो पिछड़े वर्ग से होते हुए यहां जीत पाए हैं। इससे पहले कांग्रेस की ओर से बहुसंख्यक ब्राह्मण नेताओं ने जीत दर्ज की। इनमें प्रभुनारायण टंडन, चंद्र नारायण टंडन और मुकेश नायक के नाम प्रमुख हैं।